RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 252 | नागौर, 20 अगस्त, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## हर घर जल उत्सव कार्यक्रम

## सरकार बनाने में उतनी मेहनत नहीं लगती, जितनी देश बनाने में, हमने यही रास्ता चुना : पीएम मोदी

नई दिल्ली.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा के पणजी में हर घर जल उत्सव कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित किया। केंद्रीय जल मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मोदी ने कहा कि आज गोवा देश का पहला राज्य बना है, जिसे हर घर जल सर्टिफाई किया गया है। अब 10 करोड़ ग्रामीण परिवार पानी की व्यवस्था से जुड़ चुके हैं।

इस मौके पर पीएम मोदी ने विपक्ष पर तंज कसा, कहा कि सरकार बनाने में उतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती है, लेकिन देश बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। हम सभी ने देश बनाने का रास्ता चुना है इसलिए देश की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का लगातार समाधान कर रहे हैं। जिन लोगों को देश की परवाह नहीं है, उन्हें देश के वर्तमान और भविष्य की भी परवाह नहीं है। ऐसे लोग पानी के लिए बड़े-बड़े वादे करेंगे, लेकिन बड़े विजन के साथ कभी काम नहीं कर पाएंगे।

### आने वाले महीनों में और राज्य भी इससे जुड़ेंगे

पीएम ने कहा कि बीते कुछ सालों में गोवा अग्रणी भूमिका निभाता जा रहा है। मैं गोवा की जनता, प्रमोद जी और उनकी टीम, स्थानीय संस्थाओं को बधाई देता हूं। आपका प्रयास देश को प्रेरित करने वाला है। आने वाले महीनों में कई और राज्य इससे जुड़ने वाले हैं।

### गोवा ने हर घर जल योजना से उपलब्धि हासिल की

उन्होंने कहा, गोवा की ये उपलब्धि सबके प्रयास का बेहतरीन उदाहरण है। उपलब्धि के लिए देशवासियों को, खासकर माताओं-बहनों को बधाई देता हूं। देश में गोवा ने आज एक उपलब्धि हासिल की है। दादरा नगर हवेली और दमन और दीव भी हर घर जल सर्टिफाइड केंद्र शासित राज्य बन गए हैं।

### नल की सुविधा 3 साल में 7 करोड़ घरों को पहुंची

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में सिर्फ 3 सालों में जल जीवन मिशन के तहत 10 करोड़ घरों में नल की सुविधा पहुंची। ये कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। आजादी के सात दशकों में देश में केवल 3 करोड़ ग्रामीण परिवारों में ही पाइप से पानी की सुविधा थी।

### देशवासियों के प्रयास से देश खुले में शौच से मुक्त हुआ

उन्होंने आगे कहा कि कुछ साल पहले सभी देशवासियों के प्रयासों से देश खुले में शौच से मुक्त घोषित हुआ था। इसके बाद हमने संकल्प लिया था कि गांवों को कम्युनिटी टॉयलेट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, गोवर्धन प्रोजेक्ट को लेकर जागरूक करेंगे। एक लाख से ज्यादा गांवों में ऐसा हो चुका है। उन्होंने कहा कि भारत में अब रामसर साइट्स और वेटलैंड्स की संख्या भी बढ़कर 75 हो गई हैं। इनमें से 50 स्थलों को पिछले 8 सालों में ही जोड़ा गया है। यानी भारत जल सुरक्षा के लिए चौतरफा प्रयास कर रहा है और इसका परिणाम हर दिशा में मिल रहा है।

# मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई छापे के बाद दर्ज हुई एफआईआर

## सिसोदिया ही बनाए गए आरोपित नंबर-1, ईडी भी करेगी जांच

नई दिल्ली।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य पर सीबीआई की छापेमारी के बाद अब ईडी (प्रवर्तन निदेशालय, ईडी) आप सरकार की आबकारी नीति बनाने और उसे लागू करने को लेकर मनी लांड्रिंग के तहत जांच शुरु कर सकती है। सीबीआई ने जो एफआइआर दर्ज की है उसमें सबसे पहला आरोपित मनीष सिसोदिया को ही बनाया गया है। सीबीआई ने आबकारी घोटाले पर अपनी प्राथमिकी में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया सहित 15 अन्य आरोपियों को सूचीबद्ध किया है। नीचे पोस्ट की गई लिस्ट में उनके नाम देखे जा सकते हैं।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार के आईएएस अधिकारी और दिल्ली के पूर्व आबकारी आयुक्त आर गोपी कृष्णा और सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 19 अन्य स्थानों पर छापेमारी की। पिछले साल नवंबर में लाई गई दिल्ली आबकारी नीति का निर्माण और क्रियान्वयन किया गया था। दिल्ली सरकार ने जुलाई में इस पॉलिसी को खत्म कर दिया था। मालूम हो कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पिछले महीने आबकारी नीति 2021-22 को लागू करने में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी, उसके बाद यह योजना जांच के दायरे में आई थी। उन्होंने इस मामले में 11 आबकारी अधिकारियों को निलंबित भी कर दिया था। मनीष सिसोदिया ने भी नीति में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग की थी।

### मनीष सिसोदिया दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री हैं, सीबीआई के छापे से घबराएंगे नहीं: केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक समाचार पत्र के मुख पृष्ठ पर मनीष सिसोदिया के शिक्षा क्षेत्र में किए काम और उनकी तस्वीर छपने पर उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री बताते हुए शुक्रवार को उनकी सराहना की। केजरीवाल ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस दिन सिसोदिया को ''सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री'' घोषित किया गया, उसी दिन सीबीआई ने उनके आवास पर छापा मारा...''लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा, '' यह देश के लिए गर्व की बात है कि मनीष सिसोदिया का नाम दुनिया के सबसे ताकतवर देश के सबसे बड़े अखबार के पहले पन्ने पर है।'' केजरीवाल ने कहा, '' एक तरह से उन्हें दुनिया का सबसे बेहतरीन शिक्षा मंत्री घोषित किया गया है। सबसे बड़े अखबार ने दिल्ली की शिक्षा क्रांति के बारे में लिखा और सिसोदिया की तस्वीर भी लगाई।'' उन्होंने कहा कि इससे पहले समाचार पत्र में भारत का नाम कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण देश में बड़ी संख्या लोगों के जान गंवाने की जानकारी देने के लिए आया था।

### भाजपा का एक ही मकसद, केजरीवाल को खत्म करो : राघव चड्ढा



आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उन्होंने (भाजपा) सीबीआई जैसी एजेंसियों को हमारे नेताओं पर छोड़ दिया है। उनका एक ही मकसद है कि केजरीवाल को खत्म करो। दरअसल, सीबीआई ने शुक्रवार तड़के मनीष सिसोदिया के आवास समेत 21 स्थानों पर छापेमारी की।



### दिल्ली के 'एक्साइज' मंत्री 'एक्सक्यूज' मंत्री बन गए हैं : अनुराग ठाकुर



सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बारे में शुक्रवार को कहा कि दिल्ली के 'एक्साइज' (आबकारी)मंत्री 'एक्सक्यूज' (बहाना बनाने वाले) मंत्री बन गए हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी घोटाले के संबंध में सिसोदिया के परिसरों पर छापा मारा, जिसके बाद उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह ''ईमानदारी की कीमत चुका रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा सुविधाओं में सुधार के उनके कार्य को पटरी से उतारने के लिए उनके खिलाफ जांच की जा रही है। सिसोदिया के इस बयान के बाद ठाकुर ने कहा, '' 'एक्साइज' मंत्री 'एक्सक्यूज' मंत्री बन गए हैं।'' उन्होंने कहा, ''आज का मामला शराब के कारोबार के लाइसेंस और इसमें शामिल भ्रष्टाचार से जुड़ा है। संबंधित मंत्री मनीष सिसोदिया हैं। उन्होंने सीबीआई को जांच सौंपे जाने के दिन आबकारी नीति को पलट दिया। यह कदम क्यों उठाया गया, क्योंकि शराब के कारोबार के लाइसेंस जारी करने में भ्रष्टाचार किया गया है।''

मंत्री ने कहा कि सीबीआई जांच के डर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सिसोदिया को छापेमारी को राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा सुविधाओं से जोड़ना पड़ा। ठाकुर ने कहा, ''जांच के डर के कारण केजरीवाल को शिक्षा के बारे में बोलना पड़ा। यह शिक्षा की बात नहीं है, यह आबकारी नीति का मामला है। लोगों को मूर्ख मत समझिए।'' मंत्री ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि सिसोदिया धनशोधन मामले में गिरफ्तार किए गए अपने सहयोगी मंत्री सत्येंद्र जैन की तरह याददाश्त चले जाने का दावा नहीं करेंगे।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने कहा, ''लोगों को जवाब चाहिए।

आबकारी नीति में भ्रष्टाचार से केजरीवाल और सिसोदिया का असल चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने भ्रष्टाचार से लड़ने और राजनीति में प्रवेश नहीं करने की बात की थी। वे न केवल राजनीति में आए, बल्कि अब भ्रष्टाचार भी कर रहे हैं।'' सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में एक प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सिसोदिया और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी आरव गोपी कृष्ण के परिसरों के अलावा 19 स्थानों पर शुक्रवार को छापा मारा।

## दिल्ली से हवाला एजेंट मोहम्मद यासीन गिरफ्तार

### एलईटी और अल बद्र के आतंकियों के लिए जुटाता था पैसा

नयी दिल्ली।



दिल्ली पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम को शुक्रवार को एक बड़ी कामयाबी मिली। आपको बता दें कि पुलिस का संयुक्त टीम ने केंद्रीय एजेंसियों की सहायता से हवाला एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी कथित तौर पर लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और अल-बद्र आतंकी संगठनों को हवाला के माध्यम से फंड मुहैया कराता था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी की पहचान मोहम्मद यासीन के रूप में हुई है और उसे 10 लाख रुपए की आतंकी फंडिंग राशि के साथ जम्मू बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया था। एक बयान में कहा गया कि आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और अल बद्र के वित्त पोषण से संबंधित हवाला लेनदेन में एक एजेंट के रूप में काम करते हुए मोहम्मद यासीन को पकड़ा गया है। 17 अगस्त, 2022 को मोहम्मद यासीन ने जम्मू-कश्मीर के एक आतंकी ऑपरेटिव अब्दुल हामिद मीर को राज्य में आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल के लिए 10 लाख रुपए दिए।

## प्रदेश में दो दिन का मानसून ब्रेक : फसलों में कीटनाशक और रसायन छिड़कने की सलाह

जयपुर.



राजस्थान में आज और कल दो दिन के लिए मानसून का ब्रेक पर है। इस बीच मौसम और कृषि सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों ने किसानों को फसलों में कीटनाशक और रसायन का छिड़काव करने की सलाह दी है। क्योंकि इन दो दिन राज्य में अधिकांश जगहों पर मौसम शुष्क रहेगा और दिन में कई जगहों पर तेज धूप निकलेगी। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर सिस्टम के असर से राज्य में 21 अगस्त से एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होगा।

जयपुर मौसम केन्द्र के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान उदयपुर, जैसलमेर, बाड़मेर में कहीं-कहीं 1 से सवा इंच तक बरसात हुई, जबकि शेष राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। सबसे ज्यादा बरसात जैसलमेर के सम एरिया में 33एमएम हुई। इसके साथ जालौर के जसवंतपुरा और जोधपुर के बालेसर में 30-30, उदयपुर के कोटड़ा में 32, जयसमंद में 30, ऋषभदेव में 22, डूंगरपुर के गलियाकोट में 26, बाड़मेर के चौहटन में 27, रामसर में 22एमएम बरसात हुई। मौसम विशेषज्ञों की माने तो राज्य में आज और कल कहीं-कहीं छुटपुट बारिश हो सकती है, लेकिन अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहेगा।

### अब तक 49 फीसदी ज्यादा बरसात

राजस्थान में इस बार 18 अगस्त तक सामान्य से 49 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। 18 जून तक औसतन 317एमएम बारिश होती है, लेकिन अब तक कुल 471.3एमएम बरसात हो चुकी है। वहीं पूरे मानसून सीजन में राज्य में औसतन 415एमएम बरसात, जिसकी तुलना में अब तक 13.56 फीसदी ज्यादा बरसात हो गई है।

### इसलिए होगी भारी बारिश

जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी और बांग्लादेश के तट पर एक और नया गहरा कम दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर) सिस्टम बना है, जो डिप्रेशन में तब्दील हो गया है। ये इसके अगले 2 दिनों में उड़ीसा, झारखंड, एमपी, यूपी से होकर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। इसके असर से पूर्वी राजस्थान के कोटा, भरतपुर संभाग के जिलों में 21 अगस्त से बारिश की गतिविधियों शुरू हो जाएगी।

## हम जो कुछ भी करते हैं, भगवान श्रीकृष्ण सब जानते हैं : आदित्यनाथ

मथुरा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान का दर्शन किया। इसके साथ ही उन्होंने वृदावन में आज ही दिन में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन करने के साथ ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर मथुरा के वृंदावन में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज जो कुछ भी हम करते हैं, वो भगवान श्रीकृष्ण जी सब जानते हैं। %परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम। उसके पीछे भगवान की ही वाणी है, भगवान का ही मंत्र है, उन्हीं का संदेश है, उन्हीं का उपदेश भी है।

भगवान श्रीकृष्ण का आगमन इसी धरा पर आज से करीब पांच हजार वर्ष पहले हुआ था। यह ब्रज क्षेत्र की धरती है। यह वृंदावन है जहां लीलाएं घटित हुई थीं। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर से लेकर गुजरात व महाराष्ट्र तक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं किसी न किसी स्वरूप में बसी हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। यह हमारा सौभाग्य है कि ब्रज की भूमि पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम के साथ-साथ मंगलम परिवार के अन्नपूर्णा भोजनालय के शुभारंभ कार्यक्रम के साथ जुडने का अवसर भी प्राप्त हुआ। मैं इसके लिए सभी का हृदय से अभिनंदन करता हूं। प्रदेश में जितने भी हमारे धाम और तीर्थ हैं उन सबके विकास के साथ इनके आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इससे पहले कान्हा की नगरी वृंदावन में आज नवनिर्मित अन्नपूर्णा भोजनालय का लोकार्पण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित भी किया। उन्होंने कहा कि इस भोजनालय का जैसा नाम है अन्नपूर्णा, वैसी ही इसकी खासियत भी है।

संत विजय कौशल जी ने अन्नपूर्णा भोजनालय के बारे में अवगत कराया था। आज हम जो भी करते हैं, उसके पीछे भगवान का ही मंत्र है, उसी से प्रेरणा लेकर



आज यहां उपस्थित हुए। ब्रज के सभी तीर्थ में धरोहर सुरक्षित करने को सरकार लगी है। बांके बिहारी की प्रेरणा से लोक कल्याण के काम जारी रहे।

### डोलो कंपनी की मुश्किलें बढ़ी

## डोलो ने डॉक्टरों को बांटे 1 हजार करोड़ के गिफ्ट

### कोरोना महामारी के दौरान मुझे भी डोलो-650 खाने का सुझाव दिया गया था : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली.



कोरोना महामारी के दौरान चर्चा में रही पैरासिटामोल दवा डोलो की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में दावा किया गया है कि फार्मा कंपनी ने बुखार की दवा डोलो-650 मरीजों को देने के लिए देशभर में डॉक्टरों को 1 हजार करोड़ रुपए के फ्री गिफ्ट बांटे हैं। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी 7 दिन में जवाब मांगा है।

फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से सीनियर एडवोकेट संजय पारिख ने सुप्रीम कोर्ट की बेंच के सामने इस बात का दावा किया है। एडवोकेट पारीख ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स की रिपोर्ट के हवाले से यह दावा किया है।

इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एएस बोपन्ना की बेंच ने की। जस्टिस चंद्रचूड़ हाल ही में कोरोना संक्रमित हुए थे। उन्होंने सुनवाई के दौरान एक वाकये का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया- जो आप कह रहे हैं, वो मुझे सुनने में अच्छा नहीं लग रहा। ये वही दवाई है, जिसका कोविड के दौरान मैंने खुद इस्तेमाल किया। मुझे भी इसका इस्तेमाल करने के लिए बोला गया था। ये वाकई गम्भीर मसला है।

### डॉक्टरों की जवाबदेही तय करने की मांग

फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि इस तरह के मामलों में रिश्वत के लिए डॉक्टरों पर तो केस चलता है, पर दवा कंपनियां बच जाती हैं। याचिका में डॉक्टरों को तोहफे देने वाली दवा कंपनियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई।

### यूनिफॉर्म कोड भी बनाए जाने की मांग

याचिका में कहा गया है कि फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज के लिए यूनिफॉर्म कोड बनाए जाने की जरूरत है। इसके ना होने के चलते मरीजों को ब्रांडेड कंपनियों की बहुत ज्यादा कीमत वाली दवाई खरीदनी पड़ती है, क्योंकि अक्सर उनका इलाज करने वाले डॉक्टर महंगे गिफ्ट के लालच में मरीजों को वही दवाई पर्चे पर लिखते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से भी जवाब मांगा

कोर्ट ने याचिका में रखी गई मांगों पर केंद्र सरकार को एक हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 10 दिनों के बाद की जाएगी। सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि सरकार की ओर से हलफनामा लगभग तैयार है। इसे शीर्ष अदालत में दाखिल किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# खाद्यान्न उत्पादन की चुनौतियां

केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 2021-22 के लिए कृषि उत्पादन का अग्रिम अनुमान जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि इस अवधि में कुल उत्पादन 315.72 मिलियन टन हो सकता है। यह आकलन 2020-21 की तुलना में 4.98 मिलियन टन अधिक है। यदि पांच वर्षों के औसत उत्पादन के हिसाब से देखा जाए, तो यह अनुमान 25 मिलियन टन अधिक है। यह चौथा अग्रिम आकलन है, जिसके बाद वास्तविक आंकड़े जारी होंगे। आकलनों में बदलाव की गुंजाइश रहती है। इस आकलन में पिछले अनुमान की तुलना में गेहूं के उत्पादन में मामूली बढ़त दिखायी गयी है। पहले अनुमान लगाया गया था कि 106.4 मिलियन टन गेहूं का उत्पादन होगा, जबकि इस चौथे अनुमान में यह आंकड़ा 106.8 मिलियन टन का है, लेकिन स्वतंत्र अनुमान इससे कम हैं, क्योंकि अगर उत्पादन ठीक होता, तो बाजार में गेहूं की उपलब्धता होती। सरकार द्वारा होने वाली गेहूं की खरीद चौदह वर्षों में सबसे कम रही है। मई में सरकार को गेहूं निर्यात रोकने का निर्णय भी लेना पड़ा। केंद्र के पास जो गेहूं भंडार है, वह भी कई वर्षों में सबसे कम स्तर पर है। ऐसे में इन आंकड़ों को, खासकर गेहूं के मामले में, ठीक से देखा जाना चाहिए। अगर आप बाजार को देखें, तो गेहूं की कीमतों में बढ़ोतरी लगातार जारी है।

कमजोर मानसून के कारण कृषि उत्पादन को लेकर नयी चिंताएं भी पैदा हुई हैं। देश में इस साल खरीफ की बुआई कम हुई है, सो चावल का उत्पादन गिरना तय है। हालिया आंकड़ों के अनुसार धान का क्षेत्रफल पिछले वर्ष की तुलना में 43.83 लाख हेक्टेयर कम चल रहा है। पिछले साल 12 अगस्त तक धान की खेती का कुल क्षेत्रफल 353.62 लाख हेक्टेयर रहा था। यदि आगामी दिनों में उत्पादन क्षेत्रफल में बढ़ोतरी नहीं होती है, तो देश में 2.71 टन प्रति हेक्टेयर की चावल उत्पादकता के आधार पर चालू खरीफ सीजन में चावल का उत्पादन करीब 110 लाख टन कम रह सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय पूल में एक अगस्त को चावल और गेहूं का कुल भंडार चार साल के सबसे कम स्तर 676.33 लाख टन पर है। इसमें 266.45 लाख टन गेहूं और 409.88 लाख टन चावल शामिल है, जबकि एक अगस्त, 2021 को केंद्रीय पूल में गेहूं का स्टॉक 564.80 लाख टन और चावल का स्टॉक 444.59 लाख टन था। पिछले साल की तुलना में जिन राज्यों में धान की रोपाई कम हुई है, उनमें झारखंड में 11.37 लाख हेक्टेयर, पश्चिम बंगाल में 11.23 लाख हेक्टेयर, ओडिशा में 4.31 लाख हेक्टेयर, मध्य प्रदेश में 4.46 लाख हेक्टेयर, बिहार में चार लाख हेक्टेयर, उत्तर प्रदेश में 3.37 लाख हेक्टेयर, छत्तीसगढ़ में 1.43 लाख हेक्टेयर, तेलंगाना में 3.39 लाख हेक्टेयर, आंध्र प्रदेश में 2.85 लाख हेक्टेयर कम है। ये सब चावल उत्पादक राज्य हैं। इनके अलावा आठ अन्य राज्यों में भी धान का क्षेत्रफल पिछले साल से कुछ कम है। कृषि उत्पादों में वृद्धि के परिणामस्वरूप इनके निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन इस वर्ष उत्पादन घटने से निर्यात का प्रभावित होना स्वाभाविक है। पिछले साल लगभग 70 लाख टन गेहूं का निर्यात हुआ था, लेकिन कुछ महीने पहले गेहूं के निर्यात पर सरकार को रोक लगानी पड़ी। दुनिया के चावल बाजार में पिछले साल भारत की हिस्सेदारी 40 फीसदी के आसपास रही थी, पर इस बार उसमें भी कमी आने की आशंका बढ़ गयी है। जब सरकार इस साल के उत्पादन का अनुमान लगायेगी, तब इस बात की संभावना भी है कि चावल निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया जायेगा।

# चुनाव सुधार पर शिथिल प्रयास

**चुनाव सुधार में निर्वाचन आयोग की भूमिका पर बात करते समय ऐसा लगता है कि जब टीएन शेषन मुख्य चुनाव आयुक्त बने तब पहली बार देश को चुनाव आयोग जैसी किसी संस्था का भान हुआ। वास्तव में शक्ति का विकेंद्रीकरण लोकतंत्र की एक प्रमुख विशेषता है और निर्वाचन आयोग की शक्ति पूर्णरूपेण स्वंतत्र होनी ही चाहिए और इसके पदाधिकारियों की जवाबदेही सिर्फ जनता के प्रति होनी चाहिए। भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने चुनाव सुधार के मद्देनजर कहा था कि लगभग चालीस से भी ज्यादा संस्तुतियों पर विमर्श कर उस पर निर्णय लेने की आवश्यकता है। मसलन, चुनाव में होने वाले खर्च की सीमा क्या होगी? निर्दलीय उम्मीदवार के लिए क्या नीति होगी? चुनाव प्रचार के तौर-तरीके, माध्यम और खर्च, राजनीतिक दलों के हवाई यात्रा, सम्मेलनों की सीमा, सोशल मीडिया का उपयोग और दुरुपयोग, स्थानीय प्रतिनिधित्व को वरीयता, एक देश एक मतदान व्यवस्था, मतदाता पहचान-पत्र और आधार कार्ड को जोड़ने की व्यवस्था, एक समय पर चुनाव, चुनाव आयुक्त का चयन दायित्व और समयावधि, राष्ट्रीय चुनाव कोष की स्थापना और संचालन जैसे मुद्दों का सर्वसम्मति से निस्तारण होना चाहिए। चुनाव सुधार के लिए गठित समितियों और सेवा निवृत्त मुख्य निर्वाचन आयुक्तों द्वारा सुझाए गए विकल्पों पर काम करने की आवश्यकता है।**

**चुनाव** सुधार की नीतियों में पारदर्शिता हो, सोच में समग्रता, कर्म में निष्ठा और अनुपालन में ईमानदारी हो। ऐसा व्यापक और समावेशी प्रयास हम सबको एक स्वस्थ लोकतंत्र की यात्रा में एक कदम आगे ले जाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं। विसंगतियों और विडंबनाओं से भरे इस समाज के जाने कितने ऐसे स्याह पक्ष हैं, जिनको आजादी के बाद से ही इंगित किया जाता रहा है। पर लगता है कि ये मुद्दे निदान की एक ऐसी पटरी पर सवार हैं, जहां महज यह भ्रम पैदा होता है कि कहीं दूर जाकर ये मिलेंगे और समस्याएं दूर हो पाएंगी, मगर यह हो न सका। चुनाव सुधार भी ऐसा ही एक मुद्दा है। समितियों और सरकार के प्रयासों को देख कर लगता है, मानो ये हाथी के दांत, हैं जो खाने के और, दिखाने के और होते हैं। ऐसे में सर्वप्रथम आवश्यकता इस बात की है कि हम सब यह समझें कि किसी लोकतांत्रिक देश की निरंतरता, प्रगति और विकास की धुरी है, उस देश की स्वस्थ, स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रभावी चुनाव-व्यवस्था, जो धनबल, बाहुबल और सत्ताबल से मुक्त हो। समाज अगर व्यक्ति का निर्माता है, तो व्यक्ति भी समाज का निर्माण करता है। इस कथन का निहितार्थ है कि हर व्यक्ति का निर्णय महत्त्वपूर्ण है और सरकार को इसका महत्त्व समझना चाहिए। अब प्रश्न है कि ऐसे कौन-से मुद्दे हैं, जिन पर चुनाव आयोग की नजर पड़ी और बातें हुई, ऐसे कौन से मुद्दे हैं, जिन्हें राजनीतिक दलों द्वारा उठाया गया और ऐसे कौन-से मुद्दे हैं, जिन पर अब तक कोई चर्चा नहीं हुई? प्रश्न यह भी है कि क्या एक नागरिक को अपने एक वोट का सही अर्थ, आवश्यकता और महत्त्व का भान है? क्या दलबदल कानून अपनी प्रासंगिकता खो चुका है? क्या चुनाव नतीजे आने के तत्काल बाद, पूर्ण बहुमत का अभाव और सरकार बनाने की जोड़-तोड़ के तनाव ने लोकतंत्र की रीढ़ पर हमला कर दिया है और क्या नोटा की गंभीरता को समझने की कोशिश की गई है? क्या भारत के संविधान की प्रस्तावना में अभिव्यक्त मूल्य और निरीह, लाचार, दिग्भ्रमित, बेरोजगारों के स्वप्नों के बीच की खाई इतनी गहरी हो चुकी है कि इसने देश को धर्म और जाति के नाम पर नितांत कठोर, असंवेदनशील और असहिष्णु बना दिया है?

आज इन प्रश्नों पर न सिर्फ बहस करने, बल्कि एक उचित समाधान ढूंढने की भी आवश्यकता है, क्योंकि यह देश हमारी आन, बान और शान है और इसके ध्वज में कहीं भी लघुता ग्रंथि का कीड़ा नहीं लगना चाहिए। ध्यान देने योग्य बात है कि हमेशा एक रेखा को छोटी करने के लिए उससे बड़ी रेखा खींच देना ही विकल्प नहीं होता, कभी-कभी ऐसा भी होता है कि हमें अपनी रेखा को बड़ी करने के प्रयास की आवश्यकता इसलिए नहीं होती, क्योंकि उसके बगल में कोई रेखा ही नहीं होती (ऐसा भारत के पड़ोसी देशों की समस्याओं के संदर्भ में कहा जा सकता है)। अब राजनीति का अपराधीकरण नहीं, बल्कि अपराधों का राजनीतिकरण हो गया है। अब दलबदल नहीं, व्यक्ति बदल, व्यक्तित्व बदल, विचार बदल, वैचारिकी बदल, चुनाव और लाभ के लिए सब कुछ जायज है की नीति एकरूपता और समभाव के साथ अपनाई जा रही है। वहीं शैक्षणिक संस्थानों में इस विषय पर शोध की आवश्यकता महसूस हो रही है कि कि



चुनावी घोषणापत्र को जनता के साथ किया गया करार माना जाए और अगर उसे पूरा न किया जा सके तो उस दल को कानूनी दलदल में घसीटा जाए। आजकल मुफ्त योजनाओं पर जुमलेबाजी और कटाक्ष एक पुरानी कहावत की याद दिलाते हैं कि तुम करो तो पुण्य और हम करें तो पाप। दरअसल, अब लोगबाग प्रतिस्पर्धा बेहतरी के लिए नहीं करते, बल्कि गिरावट के लिए करते हैं। जबकि होना यह चाहिए कि शिक्षा और स्वास्थ्य की मुफ्त व्यवस्था हो और अन्यान्य किसी भी स्थिति में कुछ भी मुफ्त में न दिया जाए, क्योंकि श्रम का अपना महत्त्व है। हम व्यक्ति की उम्र, क्षमता और योग्यता के अनुसार उससे काम लें और फिर उसके योगदान के अनुरूप उदार पारिश्रमिक प्रदान करें। कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि अब ऐसा महसूस किया जा रहा है कि समस्त करदाताओं को देश के नीति निर्धारण में भागीदार बनाया जाए और मुफ्त की सरकारी योजनाओं पर उनसे उचित विमर्श किया जाए। अगर चुनाव सुधारों की बात की जाए तो सर्वप्रथम यह सुनिश्चित होना चाहिए कि सुधार स्थायी और जड़ों तक पहुंचने वाले हों। इन सुधारों की पृष्ठभूमि में स्वस्थ, जीवंत और जुझारू लोकतंत्र की छवि हो, जो समग्रता, समावेश और समायोजन के स्तंभों पर टिकी हो और ठोस सैद्धांतिक सुधारों के साथ व्यवहार के हर पहलू को परखती हो। तकनीकी प्रगति का हर संभव लाभ लेते हुए मतदाता को अपने मोबाइल फोन से अपना मत देने तक की व्यवस्था की जाए, ताकि अपनी सेवा शर्तों के अनुसार वह अपने निर्वाचन क्षेत्र से दूर भी हो, तो मतदान से वंचित न रह सके अन्यथा मतपत्र की पुरानी प्रणाली और डाक मतपत्र आदि के विकल्प पर बात की जाए। आज आवश्यकता इस बात की भी है कि हमारे देश की शिक्षा-व्यवस्था में सुधार किया जाय। पाठ्यक्रम में उचित बदलाव करते हुए चुनाव की प्रक्रिया, वोट के मायने, प्रतिनिधित्व लोकतंत्र की आवश्यकता और अन्य प्राथमिकताओं पर सघन चर्चा की व्यवस्था होनी चाहिए। राजनीतिक दलों को यह समझना बहुत जरूरी है कि उन्हें राष्ट्र की समग्र उन्नति के लिए कार्य करना है, वैश्विक स्तर की उत्तम अर्थव्यवस्था, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य का प्रबंध करना है और ऐसी नीतियां बनानी हैं, जो संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हुए लोकतंत्र को लगातार मजबूती प्रदान करें, ताकि आने वाली सरकार अपनी पूर्ववर्ती सरकार के नीतियों का अनुसरण करें और हर हार के लिए पूर्ववर्ती सरकार का नाम लेने की आवश्यकता न पड़े।

## व्यापार समाचार

# बैंकों से परियोजनाओं के लिए स्वीकृत कर्ज के मामले में राजस्थान सबसे आगे : आरबीआई

मुंबई।

वित्त वर्ष 2021-22 में बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों की तरफ से परियोजनाओं के लिए स्वीकृत कर्जों में सर्वाधिक हिस्सा राजस्थान का रहा है। यह लगातार दूसरा वित्त वर्ष है जब राजस्थान के लिए सर्वाधिक मात्रा में परियोजना ऋण स्वीकृत किए गए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से प्रकाशित एक लेख में यह जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, परियोजनाओं के लिए स्वीकृत राशि के मामले में राजस्थान के बाद उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु का स्थान रहा है। ''निजी कॉरपोरेट निवेश वित्त वर्ष 2021-22 में वृद्धि और वित्त वर्ष 2022-23 का परिदृश्य' शीर्षक से प्रकाशित लेख में कहा गया है कि कुल स्वीकृत परियोजना लागत के 56.4 प्रतिशत हिस्से पर इन पांच राज्यों का सम्मिलित कब्जा रहा।




यह लगातार दूसरा वित्त वर्ष है जब इन पांच राज्यों की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही। इससे पहले वित्त वर्ष 2012-13 से लेकर 2019-20 के दौरान राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु की परियोजनाओं के लिए बैंकों द्वारा स्वीकृत कर्जों में कुल हिस्सेदारी औसतन 40.7 प्रतिशत रही थी।

# रुपया 20 पैसे टूटकर 79.84 प्रति डॉलर पर

मुंबई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 20 पैसे की गिरावट के साथ 79.84 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में डॉलर की मजबूती से रुपये में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.75 के स्तर पर खुला। कारोबार के दौरान रुपया 79.73 से 79.84 के दायरे में घटबढ़ के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 20 पैसे की गिरावट दर्शाता 79.84 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 79.64 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा सामने आने के बाद अमेरिकी डॉलर सूचकांक में तेजी देखी गई।







## आज का राशिफल

### मेष
दिन का आरंभ कुछ इस तरह से होगा कि आप उत्साह से भरपूर रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ मेल-मिलाप होगा, परंतु दोपहर के बाद स्वास्थ्य में परिवर्तन हो सकता है।

### वृषभ
परिजनों के साथ मनदुःख के प्रसंग भी बन सकते हैं। बातचीत करते समय किसी के साथ उग्रतापूर्ण भाषा का प्रयोग न हो जाए, इसके लिए ज़ुबां पर संयम रखें। घर-परिवार और मित्रों के साथ समय अच्छा गुजरेगा।

### मिथुन
घर के सदस्यों के साथ आप आवश्यक चर्चा करेंगे। घर की सुंदरता बढ़ाने में व्यस्त रहने वाले हैं। कार्यालय में अधिकारियों के साथ मधुर संबंध बनेंगे। दोपहर के बाद सामाजिक कामों में आप अधिक रुचि लेंगे।

### कर्क
पारिवारिक और व्यवसायिक क्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। मित्रों के साथ आनंददायक मुलाकात होगी। पर्यटन पर जाने का योग बनेगा। सामाजिक कामों में आप योगदान देंगे।

### सिंह
आप आज शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ विवाद भी हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आप की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

### कन्या
परिवार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर जरूरी चर्चाओं में समय निकलेगा। काम का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी तथा दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### तुला
आज आप किसी बात का गहरा विचार करेंगे। ज्योतिष या आध्यात्म के विषय के प्रति आपका ध्यान आकर्षित होगा। आज सोच-समझकर बोलिएगा, जिससे किसी के साथ विवाद न हो। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

### वृश्चिक
आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। यात्रा टालना आपके लिए हितकर रहेगा। आज आध्यात्मिक सिद्धि मिलने के योग हैं। पूजा-पाठ में रुचि बढ़ेगी।

### धनु
आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा। अधिक लोगों का साथ आज मिलने से किसी राजनीतिक या सामाजिक चर्चा के प्रसंग बनेंगे। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा।

### मकर
आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी। परिश्रम की तुलना में परिणाम कम मिलेंगे।

### कुंभ
मित्रों, स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। आज आप धार्मिक या पुण्य के काम में लगे रहेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। कहीं निवेश भी कर सकते हैं। जमीन-जायदाद के दस्तावेज ध्यान से पढ़ें।

### मीन
आज किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हों। पानी वाली जगहों से दूर रहें। मानसिक चिंता रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। सरकार तथा ऊपरी अधिकारी से बातचीत में सफलता मिलेगी।

# समाजसेवी मनीष व्यास नावां ने किया डॉ. राव व डॉ. गुप्ता का सम्मान





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नावां शहर व नावां विधानसभा क्षेत्र में समाजसेवा के बूते अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले मनीष व्यास नावां ने शुक्रवार को राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी पहुंचकर आजादी के अमृत महोत्सव में प्रदेश स्तर व संभाग स्तर पर सम्मानित होने वाले चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया। व्यास ने प्रदेश स्तर पर सम्मानित होने पर राजकीय चिकित्सालय में प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. सलीम मोहम्मद राव, डॉ. कल्पना गुप्ता, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर राधेश्याम कांसोटियां, नर्सिंग ऑफिसर परमेश्वर सैन का अभिनन्दन किया। इसी प्रकार संभाग स्तर पर सम्मानित नर्सिंग ऑफिसर सुरेन्द्र चौधरी, लेखाकार रणजीत सैन व वाहन चालक बलवीर सिंह का भी अभिनन्दन किया। इस दौरान समाजसेवी मुन्नालाल काच्छवाल, सद्दाम रंगरेज, प्रमोद खण्डेलवाल, श्यामसुंदर मंत्री, सुभाष रांवका आदि मौजूद रहे।

## मेड़तारोड सिटी फीडर की विद्युत सप्लाई आज 7 घंटे रहेगी बंद

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड़ कस्बे के 33 केवी जीएसएस से निकलने वाले सिटी फीडर की 11 केवी विद्युत लाइन की विद्युत आपूर्ति आज सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता दिलीप फरडोदा ने बताया कि मेड़ता रोड सिविल पुलिस थाने के सामने के पुराने विद्युत तारों को हटाकर नए तार लगाए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

इस कारण 33 के वी जीएसएस से निकलने वाले 11 केवी सिटी फीडर से जुड़े बस स्टैंड, सदर बाजार, नागौर रोड, बाई पुरा, डेमो शेड आदि की विद्युत सप्लाई सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रखी जाएगी।

# पांच दिन पच्चीस गौवंश की मौत लम्पी वायरस का बढ़ा खतरा

श्यामसुन्दर प्रजापत



**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी समीपस्थ ग्राम पंचायत खारड़िया के ग्राम उलाना, बवली व गुढा राजावता में लम्पी वायरस की चपेट में आने से आये दिन गायों की दर्दनाक मौत हो रही है। पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिलीप गुर्जर ने बताया कि उलाणा सहित अन्य आसपास गांवो में करीब पच्चीस गायों की मौत हो चूकी है। जिनके कारण पूरे गांव में वायरस फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया । ग्राम उलाना में आज 6 गाय, 14 अगस्त को 9 गाय, ग्राम बवली में 9 गाय व गुढा राजावता में एक गाय सहित करीब पांच दिन पच्चीस बेसहारा गौवंश इस रोग की शिकार होकर मौत हो चुकी है। जिनको गड्डे खोद कर दफनाया जा चूका है। वही ग्रामीणो में दहशत सी फैल गई है। इसकी सूचना पशुधन सहायक आसु राम व सरपंच को दी गई। अधिकारी व सरपंच भंवरी देवी मौके पर पहुंच कर ग्राम पंचायत व ग्रामीणो के सहयोग से मृत गायों को जेसीबी की सहायता से गहरे गड्ढे खोदकर दफनाया गया ।

पटवारी भंवरसिंह, ग्राम विकास अधिकारी द्वारका प्रसाद सोनी, पशुधन सहायक मय टीम उपस्थित रही ।इस दौरान दिलीप गुर्जर, मुकेश पोसवाल ,महावीर सिंह, देवी सिंह ,मेवा राम,वार्ड पंच मालसिंह, वार्ड पंच हरिप्रसाद, वार्ड पंच नाथुसिंह आदी ग्रामीणों मौजूद थे।

# फोटोग्राफी दिवस पर तीन वरिष्ठ छायाकारों का हुआ सम्मान

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** दाग्युरे फोटोग्राफर्स समिति लाडनूँ, जसवंतगढ़ व सुजानगढ़ (सुजलांचल) द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस समिति अध्यक्ष नागेश कुमार कौशिक की अध्यक्षता में स्थानीय प्रजापति भवन लाडनूं में सम्मान समारोह पूर्वक मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मूलचंद चौधरी व राजेंद्रसिंह कमांडो सीआई मौजूद रहे। वरिष्ठ छायाकार सम्मान में इस वर्ष जगदीश नारायण शर्मा लाडनूं, हरिसिंह राठौड़ सुजानगढ़, कृष्णकांत स्वामी सुजानगढ़ का साफा, सॉल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व समिति अध्यक्ष नागेश कुमार कौशिक ने विश्व फोटोग्राफी दिवस की बधाई देते हुए संस्था का परिचय दिया और 19 अगस्त विश्व फोटोग्राफी दिवस के इतिहास के बारे में बताते हुए बदलती नई तकनीक के समय में समय के साथ चलने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि सीआई राजेंद्र सिंह कमांडो ने कहा फोटोग्राफी की अपराध नियंत्रण में बड़ी भूमिका है तथा पुलिस द्वारा किसी भी घटना की जांच में फोटो बहुत अच्छी सहायता प्रदान करती है। मंत्री विमल सेन ने सम्मान पत्र का वाचन किया तथा रामस्वरूप चौधरी, तरुणसिंह, करणीसिंह, अनूप लोहिया, मोहसिन खान, रामनिवास स्वामी, देवीलाल स्वामी, गोविंद टेलर, राजकुमार प्रजापत, विनोद पारीक, अनिल सिखवाल ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर हिसार, दिल्ली व बीकानेर से आए लैब प्रतिनिधियों ने उच्च नई तकनीकी जानकारियों के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम संचालन सुधेंद्र जोशी ने किया।

# बचपन स्कूल में मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

रमेश जाजड़ा



**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के बचपन प्ले स्कूल के विद्यालय प्रांगण में नन्हें बालकों ने धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

बच्चों ने राधा कृष्ण यशोदा और सुदामा आदि की भूमिका निभाकर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की, जिसे देखकर हर कोई भाव विभोर हुआ। कार्यक्रम में मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें सभी बच्चों ने उत्सुकता से भाग लेकर गोकुल का दृश्य बनाते हुए नृत्य किया।

विद्यालय के निदेशक हरिराम बेनिवाल ने बताया कि खास छोटे बच्चों को समर्पित इस विद्यालय में सभी प्रकार के आयोजनों को सामूहिक रूप से मना कर बच्चों को व्यवहारिक शिक्षा देने पर जोर दिया जाता है। इस मौके पर बच्चों ने श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों एवं लीलाओं को दर्शाया तथा श्री कृष्ण के मुकुट पर सजे मोर पंख को देखकर नन्हे बच्चों का दिल हर्ष एवं उल्लास से भर उठा। विद्यालय की अध्यापिकाओं ने भी बच्चों को श्री कृष्ण से जुड़ी कई कहानियां सुनाते हुए कथाओं के जरिए जीवन में फैली विसंगतियों को दूर करने के लिए किया प्रेरित।

# मारोठ की खुशी ने बनाया कीर्तिमान

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** जवाहर नवोदय विद्यालय कुचामन सिटी की कक्षा छह की छात्रा व मारोठ निवासी खुशी काला ने वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा तथा राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट इन इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी (आरएससीआईटी) परीक्षा को मात्र दस साल की उम्र में उत्तीर्ण करके नया कीर्तिमान बनाया है जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में खुशी का जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह के लिए चयन हुआ था।

# नेत्र जांच शिविर में 105 मरीजों की जांच कर 37 का ऑपरेशन हेतु किया चयन

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के बोरावड़ रोड़ स्थित बालाजी कॉलोनी में बालाजी मंदिर परिसर में लायंस क्लब मकराना मार्बल सिटी द्वारा शंकरा आई होस्पिटल और जिला अंधता निवारण समिति व डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन विलेज इन सर्विस लायन सुरेन्द्र कोठारी व कोठारी परिवार के सौजन्य से नेत्र जांच एवं शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 105 महिलाओं व पुरूषों की मधुमेह व रक्तचाप की जांच करी जिसमें 35 व्यक्तियों की मधुमेह अधिक पाई गई उन्हें उचित परामर्श दिया।

## रास्ता रोककर मारपीट का मामला दर्ज

मेहबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा थाना क्षेत्र के नीमड़ी चांदावता गांव में गुरुवार देर शाम मारपीट का मामला सामने आया है। हेड कांस्टेबल दयाराम ने रिपोर्ट में मिली जानकारी दी कि गरीबराम पुत्र मेघाराम जाति मेघवाल शाम 5-6 बजे किसी घरेलू कार्य से जा रहा था। इस दौरान सीताराम मेघवाल निवासी नीमड़ी चांदावता ने रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर में हाथ में चोटे आई जिसके बाद राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचेरा मे प्राथमिक उपचार करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है....

## जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में नया शहर में विशाल भजन संध्या का हुआ आयोजन



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन शहर के नया शहर में श्रीश्याम सखा परिवार के तत्वावधान में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में जयपुर निवासी गायक कलाकार साक्षी अग्रवाल और मनीष गर्ग घी वाला ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर बाबा श्याम को रिझाया। श्री श्याम सखा परिवार के शिवम् गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में सीकर के अमित खंडेलवाल एवं उनकी टीम ने रंग बिरंगे विशेष पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया एवं छप्पनभोग का बाबा को भोग लगाया गया। इसी के साथ इत्र वर्षा की गई जो कि आकर्षण का केंद्र रहा। ज्योत पर पंडित दौलत शर्मा ने यजमान सुरेश कोठारी से पूजन करवाया गया एवं ज्योत पर आने वाले श्यामभक्तों को मनीष मोर एवं राजेन्द्र शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ जयपुर के आकाश गुर्जर ने किया तत्पश्चात अमित खंडेलवाल ने भी शानदार भजनों से श्री श्यामधणी को रिझाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान हनुमान एवं राधाकृष्ण की जीवंत झांकियों की प्रस्तुति दी गई। साक्षी अग्रवाल ने कीर्तन की है रात, बाबा मेरा काम करोगे क्या लोगे, कलयुग में डंका बजता है, हम तेरी राह निहारे तू लीले चढ़कर आजा एवं मनीष गर्ग घीवाला ने हारा हूं बाबा, झूलो मेरे सांवरिया, सावरे की महफ़िल को सावरा सजाता है, दो दिन के बदले तीस दिनों तक मौज करु सहित अनेक भजनों से बाबा को रिझाया एवं श्याम भक्तों को धमाल से नचाया। इस कार्यक्रम में भादीपीठाधीश्वर महंत श्री रेवतीरमण महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। श्री श्याम सखा परिवार के कृष्णा मोर ने प्रशासन, नगरपरिषद एवं विभिन्न सामाजिक संस्थान जिन्होंने इस सफल आयोजन में तन मन धन से सहयोग दिया उन सबका धन्यवाद ज्ञापित किया एवं भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों में भी तन मन धन से इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा की। इस पूरे आयोजन का यूट्यूब लाइव श्याम सखा परिवार के सदस्य हर्षित अग्रवाल और लक्षित अग्रवाल ने किया।

### इन्होंने किया सहयोग

इस दौरान श्री श्याम सखा परिवार के शुभम मण्डावाला, रवि मिठड़ीवाला, शुभम बंसल, विपिन अग्रवाल, लक्ष्मीकांत बंसल, नवीन शर्मा, विकास शर्मा, प्रमोद शर्मा, विकास मोदी, गोपाल मोर, विकास मोर, संपत बगड़िया, गौतम बगड़िया, नीरज, सौरभ मोर, गणेश रामचंद्रका, निर्मित, दीपक शेखराजका, संजय, हिमांशु डिडवानिया, करणी प्रताप सिंह, विष्णु, निखिल, जुगल सर्राफ, कुणाल शर्मा, सुनील धनवानी, मनीष सर्राफ ने व्यवस्थाओ में सहयोग दिया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान समाजसेवी महावीर मूंदड़ा, अग्रवाल समाज अध्यक्ष नंदकिशोर सांभरवाला, अग्रवाल समाज सचिव मुरली स्नेही, नगरपरिषद उपसभापति हेमराज चावला, विश्वास रामचंद्रका, रोहित नालोटवाला, श्याम बाबा के लाडले संजय शर्मा, पवन मिठड़ीवाला, विनोद सारडा, कुचामन केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीपाल सिंह रसाल, विनोद गौड़, अनिल अग्रवाल, चेतन खलड़का, चेतन मिठड़ीवाला, चम्पालाल पारीक, दिनेश मोर, दिनेश बानूड़ावाले, अमित अग्रवाल, बाबूलाल मांधनिया, डॉ विजय कुमार गुप्ता, अपना समाज 2018 के ग्रुप एडमिन रतन कुमावत, मुकेश डालूका, साहिल पारीक, भवानी मोयल, उत्सव अग्रवाल, आयुष गर्ग, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा रजनी गावड़िया,आशा मोर, सुनीता बंसल, बबिला बानूड़ा, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्षा ज्योति मोर, मोनिका मोर, आरती सर्वा, खुशबू शर्मा, रेणु, दीपिका, सीमा सहित हजारो श्यामभक्तों ने भजनों का आनंद लिया।

# न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में दही हाण्डी का हुआ आयोजन



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के आसपुरा रोड स्थित एवं न्यू मॉडर्न एज्यूकेशन ग्रुप द्वारा संचालित मॉडर्न इग्लिंश स्कूल में शुक्रवार को जन्माष्टमी के अवसर पर दही हाण्डी उत्सव का आयोजन किया गया। प्रबन्ध निदेशक कमलेश कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न गीतों पर नृत्य व गायन का प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा कृष्ण के विभिन्न रुपों का सजीव चित्रण व भक्तिमय कार्यक्रम प्रस्तुत कर सम्पूर्ण माहौल को कृष्णमय कर दिया। संस्था निदेशक देवीलाल दादरवाल ने समस्त विद्यार्थियों से कृष्ण के जीवन से सीख लेते हुये प्रत्येक परिस्थिति का सामना मोहक मुस्कान से करने की सीख दी। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थियों ने कृष्ण एवं ग्वालों का वेश धारण कर ऊँचाई पर स्थित दही व माखन की हाण्डी फोड़ने का प्रयास किया व अनेक टोलियों के असफल प्रयास के पश्चात कक्षा नवम् के विद्यार्थियों की टोली ने दही हाण्डी फोड़ने में सफलता अर्जित की। कार्यक्रम के अंत में संस्था निदेशक देवीलाल दादरवाल, उपाध्यक्ष रामनिवास दादरवाल कमलेश कुमार व आशीष दादरवाल सहित समस्त शिक्षकगण ने राधा-कृष्ण की पूजा कर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर कल्पना कुमावत, नवीन राजोरिया, सुमन कुमावत, रितिका सोनी, उर्मिला सेनी, ज्येति शर्मा, रुचिका शर्मा, पुष्पा राठौड, नवरंग माथुर, मुकेश माथुर, लोकेन्द्र सिंह, मोहम्मद वकील, सांवरमल, धनसुख सैनी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जीएसवी स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की ज्ञान सागर विद्या पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के निदेशक मोहित सेठी ने बताया कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए फैंसी ड्रेस कंपटीशन तथा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को भगवान श्री कृष्ण के बारे में बताया। बच्चों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रोग्राम को सफल बनाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में मोनिका जैन, आयुषी काला, रंचना राजोरिया, गरिमा जैन, चाहिता जैन, कनक बियानी, अंजू, सुमन, कृष्णा, रितु, खुशबू, रिचा, अनुराधा, सुमित्रा उपस्थित रहे।

# मूंडवा के सेठ चारभुजा नाथ मंदिर में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा के सेठ चारभुजा नाथ मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर मंदिर में पिछले दिनों से जोर शोर से तैयारियां चल रही है। शुक्रवार सुबह से ही भक्तों ने मंदिर में अनेक तरह की रंगोलियां सजाई। चारभुजा नाथ मंदिर के पुजारी जगदीश ने बताया कि चारभुजा नाथ का साधु श्रृंगार रोजाना होता है लेकिन शुक्रवार को कृष्ण जन्म उत्सव को लेकर विशेष श्रृंगार किया गया है। वहीं आसपास के मोहल्लों में सजीव झांकियां भी सजाई गई, जिसके दर्शन के लिए लोग जाते नजर आए।

# शेखावाटी स्कूल में हुआ कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन



धनेश कुमार

मौलासर(नागौर डेली न्यूज)। कस्बे की लादडिया रोड़ स्थित शेखावाटी स्कूल की नई यूनिट शेखावाटी किड्स जोन अंग्रेजी माध्यम में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। किड्स स्कूल में छात्र-छात्राओं को विभिन्न सुसज्जित वेशभूषा में देशभक्ति के प्रति समर्पित होने हेतु शिक्षा प्रदान की गई। स्कूल प्रबंधन के डॉयरेक्टर रोहित रणवां ने बताया कि नई सोच के साथ छात्र-छात्राओं में हमारे देश के सभी पर्व व त्योहारों के प्रति जागरूकता बड़े व देश भक्ति की और प्रगतिशील हो सके। इस अवसर पर नन्हें-मुन्हें बालकों द्वारा कृष्ण व राधा बनकर उनके गीतों व फिल्मी गानों पर अनेक प्रस्तुतियां दी। सभी विद्यार्थी राधा-कृष्ण के वेश में नजर आए। इस अवसर पर बांसुरी वादन, मटकी प्रतियोगिता, राधा कृष्ण पोस्टर प्रतियोगिता के साथ अन्य कृष्ण क्रीड़ाएं आयोजित करवाई गई। इस मौके पर संस्था चेयरमैन बीएल रणवां ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# त्याग और प्रेम की भावना ही कृष्ण चरित्र है : शेखावत



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** निम्बीजोधा स्थित टैगोर शिक्षण संस्थान में निदेशक गुलाब सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जन्माष्टमी कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

शेखावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि मानव हित में अपने स्वार्थ का त्याग करना और प्रेम व सद्भाव को बढ़ाना ही कृष्ण चरित्र है। शेखावत के अनुसार हमें सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए तथा बुराई को त्याग कर अच्छाई के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर नन्हें-नन्हें बच्चों ने कृष्ण और राधा का रूप बनाकर बहुत ही शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। उच्च कक्षा के विद्यार्थियों ने दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता में बड़े जोश और उत्साह से भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोपाल सिंह सिंधू, सूर्य प्रकाश सिखवाल, विजय सिंह चौहान, धर्मेंद्र चौधरी, भवानी चौहान, जगदीश सिंह, हनुमान सेन, आईसा आरा, गोपी शर्मा व गोपाल सोनी की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की बालिकाओं व पूजा जोधा के द्वारा किया गया।

# अब्दुल मजीद व जीनत बानो ने सादगी से मस्जिद में किया निकाह



अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** सादगी से निकाह करने का चलन मुस्लिम बच्चों में दिनों दिन बढ़ता जा रहा है, समाज के बुजुर्ग, पढ़े लिखे बड़े लोग तो पहले से ही इस तरह की शादियों को तरजीह देने की बात कर रहे थे लेकिन हालिया वर्षों में जिस तरह से युवाओं के यह बात समझ आई है निःसंदेह इसके बेहतर परिणाम समाज को मिलने वाले है। ताजा मामला शहर के फतेहपुरी गेट निवासी मुहम्मद उमर के पुत्र अब्दुल मजीद के निकाह से जुड़ा है जहाँ वर पक्ष ने बिना किसी लेनदेन और तामझाम के डीडवाना के दिल्ली गेट निवासी अब्दुल रज्ज़ाक की पुत्री जीनत बानो से किला मस्जिद में निकाह करके क्षेत्र के युवाओं के लिए एक आदर्श स्थापित किया है। बाद नमाज ए जुमा शहर काजी जनाब रेहान उसमानी साहब ने इस चर्चित शादी में निकाह पढ़वाई ।

नगर की किला मस्जिद में जुम्मे के दिन बाद नमाज ए जुमा हुई निकाह की चर्चा पूरे क्षेत्र मे है। इस सादगी से हुई निकाह में प्रवासी समाज सेवी, व्यवसायी हाजी फजलुर्रहमान खत्री ने भी शिरकत की वंही बड़ी संख्या में समाज बन्धु और दोस्त ओ अहबाब इसके गवाह बने।

समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष यूसुफ खोखर ने इस शादी की प्रशंसा करते हुए युवाओं से आगे बढ़ कर इसी तरह से निकाह करने का आह्वान किया वंही शहर काजी जनाब रेहान उसमानी साहब ने इसे शरियत के अनुकूल बताते हुए खुशी जाहिर की।

# रामद्वारा में श्रीमद् भागवत कथा का लाभ ले रहे हैं श्रद्धालु



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय रामद्वारा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन संत धीरजराम महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की लीला का मनोहारी वर्णन किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित से शुकदेव कहते हैं, कि संसार का कल्याण करने के लिए भगवान अवतार लेते कि जब-जब धर्म की हानि होती है। तब सज्जनों का कल्याण और राक्षसों का वध करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। इसके बाद संत श्री ने संगीतमयी चौपाइयों-जब-जब होई धर्म की हानि, बाढहि असुर अधम अभिमानी, तब-तब धरि प्रभु मनुज शरीरा, हरहि कृपा निज सज्जन पीरा आदि चौपाइयों से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। डॉ वीरेंद्र भाटी ने बताया कि संत धीरजराम की कथा वाचन का लाडनूँ के श्रद्धालू लाभ ले रहे हैं जिससे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया है।

# फसली ऋण योजना से किसानों को मिलेगा फायदा : धेडु

## नवगठित सहकारी समिति में किसानों को किया ऋण वितरण

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा में नवगठित ग्राम सेवा सहकारी समिति में शाखा जावला की ओर से शुक्रवार को किसानों को ऋण वितरण किया गया। विधायक रामनिवास गावड़िया की अनुशंसा पर सहकारिता विभाग ने ऋण उपलब्ध कराया है।

कार्यक्रम में 160 किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किए, जिसमें से 100 किसानों को ऋण वितरित किया गया। 40 किसानों को तुरंत मौके पर ही भुगतान किया गया। इस मौके पर सरपंच रामप्यारी देवी धेडु ने कहा कि फसली ऋण योजना से किसानों को फायदा होगा। आर्थिक संबल मिलने से किसान किसी के बोझ तले नही रह पाएंगे। नवीन योजनाओं एवं नवाचार के साथ सहकारिता विभाग के माध्यम से किसानों से लेकर हर तबके को लाभान्वित किया जा रहा है, जिससे जीवन स्तर में सुधार आया हैं।

सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को ब्याज मुक्त फसली ऋण वितरण से काफी राहत मिली है, वहीं करोड़ों रुपए का ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किया है साथ ही किसानों से दीर्घकालीन कृषि ऋण पर ब्याज दरों में कमी करने से आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।



### ये रहे मौजूद

मनोनीत अध्यक्ष बोदूराम लौरा,व्यवस्थापक शिंभूलाल माली, स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि कृपाराम धेडू, श्रवण लौरा, संग्राम धेडु, रामप्रताप जाखड़, दुर्गाराम, रामचंद्र जाखड़, शिवदान मेघवाल, सुवानाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# टैगोर स्कूल डेगाना में मनाया कृष्णजन्मोत्सव



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज ) :** डेगाना शहर में स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर दही हांडी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। बच्चों ने इस अवसर पर विभिन्न तरह की झांकियां सजाई तथा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन किया।

संस्था निदेशक हरीश चौधरी ने बताया कि श्रीकृष्ण में व्यक्तित्व के अनेक गुण मौजूद थे, जिसके कारण उन्हें भगवान माना गया। संस्था के प्रबंधक निदेशक बीरमाराम चौधरी ने बताया कि कैसे श्रीकृष्ण ने अपनी बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त की। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या सहित स्कूल स्टॉफ़ व बच्चे उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com